asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

नगर पंचायत की समस्याओ के निराकरण... पृष्ठ 2 | संस्कारधानी राजनंदगांव के शिवाजी... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

रविवार, 22 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 131, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## माँ का आशीर्वाद और अपार जनस्नेह : बगिया में आत्मीयता के साथ मना मुख्यमंत्री का जन्मदिन

### राम सदन में सत्यनारायण व्रत कथा श्रवण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का 62वाँ जन्मदिवस उनके गृहग्राम बगिया में अत्यंत उत्साह, आत्मीयता और पारिवारिक स्नेह के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने गृहग्राम बगिया स्थित अपने घर पहुंचते ही सबसे पहले अपनी माता श्रीमती जसमनी देवी के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री श्री साय के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का दिनभर तांता लगा रहा।जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर सभी के स्नेह, शुभकामनाओं और आत्मीय स्वागत के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनस्नेह ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने अपने जन्मदिवस को विशेष और यादगार बनाने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस विशेष अवसर पर बगिया स्थित श्री राम सदन में सत्यनारायण व्रत कथा श्रवण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उनकी माताजी श्रीमती जसमनी देवी, धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ व्रत कथा का श्रवण किया तथा ईश्वर से प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आगमन से पूर्व ही उनके गृहग्राम बगिया स्थित गृहनिवास में उनसे मिलने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी।जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों में मुख्यमंत्री से भेंट करने और उन्हें शुभकामनाएं देने को लेकर विशेष उत्साह और उत्सुकता देखने को मिली। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय एवं श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, जिला पंचायत सदस्य श्री कृष्ण कुमार राय सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण, पंचायत प्रतिनिधि, नगरीय निकायों के प्रतिनिधिगण, जनप्रतिनिधि, कमिश्नर श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह तथा अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। क्रिकेट की दुनिया में जिले का नाम रोशन करने वाली शासकीय प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, इचकेला की प्रतिभाशाली छात्राओं को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रोत्साहित करते हुए 15 क्रिकेट किट प्रदान किया। छात्रावास की इन छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले को गौरवान्वित किया है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप इसी लगन, अनुशासन और मेहनत के साथ



निरंतर आगे बढ़ती रहें तथा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य और देश का नाम रोशन करें। बगीचा से आए विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय पहाड़ी कोरवा समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पहाड़ी कोरवा समाज के सदस्य अपने पारम्परिक वेशभूषा एवं तीर-धनुष के साथ उपस्थित हुए, जिससे उनकी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की झलक दिखाई दी।मुख्यमंत्री श्री साय ने उनसे आत्मीय संवाद करते हुए उनके क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। इस पर पहाड़ी कोरवा समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में उनके क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य संचालित हो रहे हैं तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से उनके गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस योजना से उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है।

## छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने मुख्यमंत्री साय से भेंटकर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी



**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा जी ने आज प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री अदारणीय श्री विष्णुदेव साय जी से भेंटकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के सुशासन में छत्तीसगढ़ में हर वर्ग को समान अवसर मिल रहा है। किसान, मातृशक्ति, युवा और व्यापारी सभी वर्गों के उत्थान के लिए योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है और सामाजिक समरसता भी मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शी नीतियों से छत्तीसगढ़ पर्यटन, उद्योग और कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। प्रदेश की जनता को भरोसा है कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ और अधिक प्रगति करेगा और देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में अपनी पहचान बनाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि उनका जीवन प्रदेशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।






राजनांदगांव/ रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 का भव्य आयोजन बीटीआई ग्राउण्ड शंकर नगर रायपुर में किया जा रहा है। इस अवसर पर राजनांदगांव एक्सपो के मंच पर कैट के अध्यक्ष राजू डागा ,संजय तेजवानी, अमित खंडेलवाल, अशोक पाण्डे एवं मनोज देवांगन का स्वागत किया गया।

## विधानसभा का बजट सत्र 23 से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विस के अध्यक्ष रमन सिंह ने बताया कि बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होकर 15 मार्च 2026 तक चलेगा। सत्र की शुरूआत 23 फरवरी प्रात: 11.05 बजे राज्यपाल रमेन डेका के अभिभाषण से शुरू होगा। सत्र कांग्रेस के विधायक कवासी लखमा को सशर्त बैठने की अनुमति दे दी गई है। आज विस अध्यक्ष के निवास में आयोजित पत्रकारवार्ता में रमन सिंह ने बताया कि विस के बजट सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी। बजट सत्र में वित्तीय एवं शासकीय कार्य संपादित किये जाएंगे। वित्त मंत्री ओपी चौधरी 26-27 आय व्यय बजट 24 फरवरी को अपरान्ह 12.30 बजे सदन पर पेश करेंगे। बजट का भाषण आकाशवाणी तथा दूरदर्शन से सीधा प्रसारित किया जाएगा। बजट पर 26 एवं 27 फरवरी को सामान्य चर्चा होगी। दिनांक 9 से 17 मार्च तक विभाग वार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। 17 मार्च आय व्यय पत्रक की मांगों से संबंधित विनियोग विधेयक का पुनर्स्थापन होगा।

## विधानसभाभाजपा सरकार की शराब नीति देश की सबसे खराब नीति - विपिन यादव



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने बयान जारी कर भाजपा सरकार की आर्थिक और मानसिक दिवालियापन को प्रदर्शित करने वाली शराब नीति पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार को केवल शराब के व्यवसाय से राजस्व अर्जित करना है, उसे देश की परम्पराओं, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों से कोई सरोकार नहीं रह गया है। विपिन यादव ने कहा कि देश की स्वतंत्रता उपरांत वर्ष 1950 से एक सुदृढ़ परम्परा स्थापित रही है, जिसके तहत महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरे देश में शराब दुकानें बंद रखी जाती रही हैं। यह केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रपिता के आदर्शों, उनके त्याग, संयम और नैतिक मूल्यों के प्रति सामूहिक श्रद्धांजलि का प्रतीक रहा है। किंतु भाजपा सरकार ने इस गौरवशाली परम्परा को तोड़ते हुए गांधीजी की पुण्यतिथि पर शराब विक्रय की अनुमति देकर उनके आदर्शों तथा राष्ट्रपिता के सम्मान का घोर अपमान किया है। यह कदम देश की स्वतंत्रता के बाद से चली आ रही सांस्कृतिक मर्यादाओं और जनभावनाओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का पावन पर्व है, जो समाज को जोड़ने और सकारात्मक वातावरण निर्मित करने का संदेश देता है। ऐसे शुभ अवसर पर शराब दुकानें खोलने की नीति बनाकर शराब विक्रय करना विष्णु देव साय की भाजपा सरकार का समाज के हितों के विपरीत निर्णय है, जो सामाजिक वातावरण को बिगाड़ने वाला सिद्ध होगा। त्योहारों की पवित्रता को राजस्व की दृष्टि से देखना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि शराब बिक्री के कारण कोई भी अप्रिय या आपराधिक घटना घटित होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। विपिन यादव ने सरकार से प्रश्न किया कि वर्षों से चली आ रही परम्पराओं को तोड़ने की आवश्यकता आखिर क्यों पड़ी? क्या शराब से राजस्व अर्जित करना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य रह गया है? क्या भाजपा सरकार के लिए देश की संस्कृति, महापुरुषों का सम्मान और सामाजिक मर्यादाओं का कोई मूल्य नहीं है? भाजपा की विष्णु देव साय सरकार एवं भाजपा पार्टी सार्वजनिक रूप से बयान जारी कर इन प्रश्नों का जवाब देते हुए स्पष्ट करें कि परम्पराओं को तोड़ने की आवश्यकता क्यों पड़ी और वह जनता को क्या संदेश देना चाहती है। अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी और संवेदनहीन नीति का पुरज़ोर विरोध करती है तथा भाजपा सरकार से मांग करती है कि वह पुन: गंभीर चिंतन-मनन कर अपनी शराब नीति में तत्काल परिवर्तन करे। सरकार जनता की भावनाओं, देश की संस्कृति और परम्पराओं का आदर करते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे।उपरोक्त जानकारी जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व मिडिया प्रभारी अनीस खान द्वारा प्रेस विज्ञप्ति मे दी गई।




nandgaon times feb-22-3.qxd 2/21/2026 9:57 PM Page 2



# नगर पंचायत की समस्याओ के निराकरण के लिए नगर अध्यक्ष ने विभाग के प्रमुख सचिव एवं संचालक से भेट कर चर्चा की एवं ज्ञापन सौपा

## जल आवर्द्धन योजना अंतर्गत भूमी अधिग्रहण, श्रद्धाजंली योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मुक्तिधाम कायाकल्प सहित कर्मचारियो के वेतन के लिए अनुदान मांगा

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत अंबागढ चौकी की विभीन्न समस्याओ के निराकरण के गुरूवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं सीएम कार्यालय में विशेष सचिव आईएएस बसव राजू से भेट कर नगरीय निकाय के समस्याओ के निदान के लिए चर्चा कर ज्ञापन सौपा। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने गुरूवार को राजधानी पहुचकर मंत्रालय महानदी में नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं सीएम कार्यालय के विशेष सचिव आईएएस बसव राजू से भेट कर उन्हे नगर पंचायत से जुडी समस्याओ की जानकारी देते हुए उसके निदान की मांग की। आईएएस बसव राजू ने नगर अध्यक्ष को भरोसा दिलाया की जल्द से जल्द सभी समस्याओ का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराएंगे।

**इंटेकवेल के लिए भूमी अधिग्रहण की मंजूरी देने की मांग**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने प्रमुख सचिव को बताया की जल आवर्द्धन योजना अंतर्गत नगर के लिए वर्ष 2019 से साढे 11 करोड की राशि मंजूर है। योजना के अंतर्गत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं साढे चार लाख लीटर की पानी टंकी का निर्माण हो चुका है। पाईप लाईन बिछाने का कार्य जारी है। लेकिन शिवनाथ नदी एनीकट में इंटेकवेल का निर्माण भूमी अधिग्रहण के चलते रूका हुआ है। नगर अध्यक्ष ने सचिव श्री राजू को बताया की इंटेकवेल निर्माण के लिए लगभग 6 डिसमील निजी कृषक के भूमी को अधिग्रहण करने की आवश्यकता है। इसके कारण यह कार्य प्रारंभ नही हो पा रहा है। नगर अध्यक्ष ने सचिव को बताया की योजना के अंतर्गत निकाय के पास इस योजना के लिए आई राशि के ब्याज की राशि से निजी कृषक के भूमी अधिग्रण का मुआवजा भी प्रदान किया जा सकता है। लेकिन शीर्ष कार्यालय से अधिग्रहण की मंजूरी नही मिलने से यह काम अधर में लटका हुआ है। जिसके चलते नगर में गर्मी शुरू होने से पहले ही पेयजल की किल्लत का सामना करना पड रहा है। नगर अध्यक्ष ने आईएएस को बताया की वर्तमान में पुरे नगर में नलकूप के माध्यम से पेयजल आपूर्ती की जा रही है। आईएएस श्री राजू ने नगर अध्यक्ष को बताया की इंटेकवेल के लिए जमीन अधिग्रहण व मुआवजा से जुडे सभी कार्य प्रक्रियाधीन है। जल्द ही क्षूतिपूर्ती राशि से इसका निराकरण किया जाएगा।

**संचालक से निकाय कर्मियो के वेतन भुगतान पर चर्चा**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने गुरूवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचनालाय इन्द्रावती में संचालक आर. एक्का से भेट कर उनसे भी



निकाय से जुडी समस्याओ की जानकारी दी। नगर अध्यक्ष ने संचालक को बताया की नंवबर माह से निकाय के नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारियो को वेतन हनी मिला है। फंड के अभाव में नगर पंचायत अपने कर्मचारियो के वेतन भुगतान में पुरी तरह अक्षम है। नगर अध्यक्ष ने संचालक से होली पर्व को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियो के वेतन भुगतान के लिए अनुदान राशि उपलब्ध कराने की मांग रखी। नगर अध्यक्ष ने संचालक को बताया की निरंतर चार माह से वेतन नही मिलने से कर्मचारियो में असंतोश है। नगर अध्यक्ष ने संचालक को अधोसंरचना मद से एक करोड 95 लाख की राशि की प्रशासकीय स्वीकृती देने पर आभार ज्ञापित किया।

**श्रद्धाजंली योजना के लिए अनुदान राशि की मांग**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगरीय प्रशासन विकास विभाग के संचालक को बताया की निकाय क्षेत्र में बीपीएल परिवारो को मुख्यमंत्री श्रद्धाजंली योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। पिछले तीन वर्षो से नगर पंचायत को मुख्यमंत्री श्रद्धाजंली योजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार का अनुदान नही मिला है। जिससे निकाय क्षेत्र में बीपीएल परिवास से जुडे मृतक के आश्रितो को निकाय मुख्यमंत्री श्रद्धाजंली योजना अंतर्गत दो हजार की राशि की भुगतान नही कर पा रही है। इससे निकाय के साथ साथ शासन एवं प्रशासन की क्षवि धूमिल हो रही है। और नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियो को नागरिको के आक्रोश का भी सामना करना पड रहा है। नगर अध्यक्ष ने संचालक से जल्द से जल्द श्रद्धाजंली योजना के लिए अनुदान राशि उपलब्ध कराने की मांग रखी।

**मुक्तिधाम जीर्णोद्धार के लिए सूडा के अफसरो को ज्ञापन**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने गुरूवार को नगरीय प्रशासन विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं संचालक के अलावा मंत्रालय में विभाग के उपसचिव भागवत जायसवाल से भेटकर नगर विकास के संदर्भ में चर्चा की। इसके अलावा संचानालाय में सूडा के अफसरो से चर्चा कर नगर के मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार के लिए अनुदान उपलब्ध कराने की मांग रखी। नगर अध्यक्ष ने संचानालाय इन्द्रावंती में सूडा के एडिशनल सीईओ डी. रायस्त तथा डिप्टी सीईओ सुनील अग्रहरी से भेट कर नगर के सभी मुक्तिधाम के कायाकल्प तथा राज्य वप्रवर्तित योजनाओ को लेकर चर्चा कर विकास के लिए अनुदान उपलब्ध कराने का ज्ञापन सौपा। सूडा के एडिशनल सीईओ श्री रायस्त एवं श्री अग्रहरी ने नगर अध्यक्ष को भरोसा दिलाया की प्राथमिकता के आधार पर निकाय से जुडी सभी समस्याओ का बारी बारी से निराकरण कराया जाएगा।

# छुईखदान में नशाखोरी और तेज रफ्तार का कहर, कानून-व्यवस्था पर सवाल

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** छुईखदान नगर में असामाजिक गतिविधियां और यातायात नियमों की अनदेखी लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा है।

स्थानीय जानकारी के अनुसार *वार्ड क्रमांक 10 स्थित आंगनबाड़ी परिसर* में रोजाना शाम *7 बजे से रात 11 बजे तक* शराबियों और गांजा सेवन करने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। देर रात तक चलने वाली इन गतिविधियों से मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है। बताया जा रहा है कि जैसे ही पुलिस सायरन की आवाज़ सुनाई देती है, ये असामाजिक तत्व *आंगनबाड़ी के पीछे छिप जाते हैं*, जिससे पुलिस कार्रवाई बेअसर साबित हो रही है।

यह समस्या केवल एक स्थान तक सीमित नहीं है। *पुलिस थाना के सामने स्थित केकती बड़ी मैदान, **राजमहल के पास शिव मंदिर क्षेत्र* में भी आए दिन




नशाखोरी और अवैध गतिविधियां देखी जा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा कार्रवाई तो की जा रही है, लेकिन वह *मुख्य और संवेदनशील स्थानों तक प्रभावी रूप से नहीं पहुंच पा रही*, जिससे नशेड़ियों के हौसले बुलंद हैं। इसी के साथ नगर के *जय स्तंभ चौक* पर भी एक और गंभीर समस्या सामने आ रही है। यहां से *तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाए जा रहे हैं, जबकि यह इलाका सीधे **पुलिस थाना के सीसीटीवी कैमरों से जुड़ा हुआ है। इसके बावजूद ओवरस्पीडिंग पर कोई सख्त नियंत्रण नहीं दिख रहा है। लोगों का कहना है कि रात के समय तेज रफ्तार बाइक और कारें राहगीरों के लिए बड़ा खतरा बन चुकी हैं और **किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है*। इन दोनों ही मामलों ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि रात्रिकालीन *पुलिस गश्त बढ़ाई जाए , नशाखोरी वाले स्थानों पर *सादी वेशभूषा में निगरानी* हो, जय स्तंभ चौक पर *स्पीड ब्रेकर व नियमित चालान कार्रवाई* की जाए, और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर *तत्काल सख्त कदम* उठाए जाएं। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और पुलिस विभाग कब तक इन बढ़ती समस्याओं पर ठोस कार्रवाई करता है, ताकि छुईखदान के नागरिकों को सुरक्षित माहौल मिल सके।

# प्रदेश पंचायत सहसंयोजक गीता घासी साहू ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश पंचायत सह संयोजक एवं जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष गीता घासी साहू ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। ग्राम कुमरदा में ज्ञानचंद साहू के निवास पर आयोजित उनकी पुत्री की हल्दी रस्म में शामिल होने के बाद गीता घासी साहू ने क्षेत्र के अन्य ग्रामों में आयोजित विवाह समारोहों में भी सहभागिता निभाई। इस दौरान उन्होंने कुल 9 नवदंपतियों को शुभाशीष देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। विवाह समारोहों में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हल्दी, चंदन एवं पुष्पों से सजे वातावरण में हर्षोल्लास का माहौल रहा। ग्रामीणजनों




एवं परिजनों ने आत्मीय स्वागत करते हुए सामाजिक समरसता और पारिवारिक एकता का संदेश दिया। गीता घासी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि विवाह भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा है, जो दो परिवारों को आपसी प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी के सूत्र में बांधता है। उन्होंने सभी नवदंपतियों को जीवन के हर चरण में एक-दूसरे का सहयोग करने और परिवार की मर्यादाओं का पालन करने की प्रेरणा दी। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में उनके इस दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रमों के दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री साय जन्म दिवस पर जिलाध्यक्ष दिलीप साहू द्वारा स्कूलों में मिठाई वितरण और वृक्षारोपण कर शुभकामनाएं दी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ प्रदेश के लोकप्रिय यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय जी के जन्मदिन के शुभ



अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ प्रदेश के आव्हान पर जिलाध्यक्ष - श्री दिलीप साहू ओबीसी मोर्चा राजनांदगांव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत रुद गांव के आश्रित ग्राम सांकरी पार के प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चों की मुंह मीठा कराई और मिठाई वितरण एवं वृक्षारोपण किया। जिलाध्यक्ष - श्री दिलीप साहू जी ने मुख्यमंत्री जी को जन्मदिन की बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किया कि - आपके कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ प्रदेश समृद्धशाली बने व छत्तीसगढ प्रदेश मोदी जी के विकसीत भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान करें। इस मिठाई वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में अर्जुनी मंडल के उपाध्यक्ष श्री कुलेश्वर निषाद, गजानंद सोनकर जिला सोशल मीडिया प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजनांदगांव एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

# गायत्री विद्यापीठ में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों हेतु ब्लेसिंग सेरेमनी का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की ख्याति प्राप्त संस्था गायत्री विद्यापीठ में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों हेतु भावपूर्ण एवं गरिमामय ब्लेसिंग सेरेमनी का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। यह समारोह विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाओं और आशीर्वाद हेतु विशेष रूप से आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं विद्यालय प्रार्थना के साथ हुआ। प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में परिश्रम, अनुशासन ओर सकारात्मक सोच ही सफ्लता की कुंजी है। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार द्वारा भी उन्हें सत्य, निष्ठा और संस्कारों के मार्ग पर चलने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन की मधुर स्मृतियों को साझा किया, जिससे वातावरण भावुक एवं आत्मीय हो उठा। समारोह के अंत में सभी शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया गया, सभी विद्यार्थियों ने दीप प्रज्जवलित कर अपने उद्देश्य में सफ्ल होने का



आशीर्वाद गुरुजनों के चरण छूकर प्राप्त किया। साथ ही विद्यार्थियों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से शालेय गतिविधियों की झलक देखा और भावुकता से भर उठे। अंत में सभी विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया एवं विद्यालय व शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता के भाव व्यक्त किए। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य एवं उत्कृष्ट परिणाम की कामना की। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, सह स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री मनोज चितलांग्या, गायत्री शिक्षण समिति से एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, स्कूल आब्जर्वर श्री अंकित राज व्यास एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# शासकीय प्राथमिक शाला पांगरी कला में न्योता भोज कराया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया ब्लॉक के साल्हे संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पांगरी कला में पदस्थ भूपेंद्र कुमार



यादव अपने पुत्र कुशाग्र यादव के जन्मदिवस की द्वितीय वर्षगांठ पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पांगरी कला में अध्ययन रत समस्त बच्चों तथा ग्राम के गणमान्य एवं वरिष्ठ नागरिकों को शाला में आमंत्रित कर न्योता भोज कराया। न्योता भोज में यादव सर द्वारा खीर पूरी तथा छत्तीसगढ़ी व्यंजन भजिया और टमाटर चटनी सभी लोगों को एक साथ खिलाया गया। समस्त ग्रामवासी तथा सभी शिक्षकों ने यादव सर के पुत्र को शुभ आशीष प्रदान कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना किया तथा यादव सर को सादर धन्यवाद दिए।इस अवसर पर माध्यमिक शाला तथा प्राथमिक शाला के समस्त शिक्षक एवं क्षेत्र के जनपद सदस्य, ग्राम के सरपंच एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में मास्टर एंड मिस ग्रामेटिशियन अवार्ड कॉम्पटिशन सम्पन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज पैरेंट्स प्राइड




स्कूलण्बल्देवबागए दिनांक 1 फरवरी को अंग्रेजी शिक्षा में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़कर प्रतियोगी परीक्षा पर आधारित मास्टर एंड मिस ग्रामेटिशियन अवार्ड कॉम्पटिशन का आयोजन किया। जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के बीच अंग्रेजी ग्रामर और अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट उपलब्धि की एक प्रतिष्ठित मान्यता के आधार पर अंग्रेजी व्याकरण से संबंधित सभी प्रकार के प्रश्नों को समाहित कर बच्चों से कक्षावार इस प्रतियोगिता में बच्चों से सवाल पूछे गए। इस कॉम्पटिशन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अंग्रेजी भाषा के प्रति झिझक एवं कठिनाइयों को दूर करना इसके साथ ही अध्ययन अध्यापन में आ रही बारिकियों को सरलता व सुगमता से समझा जा सकता हैए इसी के साथ ही अंग्रेजी व्याकरण और भाषा कौशल में एक मजबूत आधार विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना और प्रेरित है। उक्त प्रतियोगिता में कक्षावार प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता विद्यार्थियों को मोमेन्टो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

**शुभांक**

**2-6-0**

**146-1 357-5**

# छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव द्वारा वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में स्थानीय शिवाजी पार्क में मनाई गई। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के जीवन, संघर्ष, शौर्य और राष्ट्रनिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में हिंदवी स्वराज्य की स्थापना कर भारत की संस्कृति और



स्वाभिमान की रक्षा की। उनके आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्रभक्ति, साहस और संगठन की शक्ति का संदेश देते हैं। वक्ताओं ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि कुशल प्रशासक, दूरदर्शी शासक और जनहितैषी राजा थे। उन्होंने नारी सम्मान, धार्मिक सहिष्णुता एवं सुशासन की मिसाल प्रस्तुत की। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी उनके चरित्र और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करे। कार्यक्रम के दौरान च्भारत माता की जयज्ज् एवं च्छत्रपति शिवाजी महाराज अमर रहेंज्ज् जैसे नारों से पूरा शिवाजी पार्क गूंज उठा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि हिंदू जागरण मंच समाज में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता के लिए सतत कार्य करता रहेगा। अंत में सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम की व्यवस्था में संगठन के सभी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुशील लड्ढा प्रवीण शर्मा हेमलाल ढीमर सविता बोस मौसमी शर्मा जुगल गुप्ता संजय सरोदे हरीश भानुशाली महेंद्र जंगल राज बहादुर सिंह आशीष तिवारी राजू साहू आनंद गुप्ता भोला यादव दिनेश झूलन रोहित यादव विष्णु सिन्हा टिंकू सोनी कालू सेन राकेश विकास बाफ्ना अनिल बाजपेई राज सोनकर संजय सरोदे गप्पू सोनकर टीनू जैन अपपी जैन समेत अनेक सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हिंदू जागरण मंच राजनंदगांव द्वारा महान संत एवं आध्यात्मिक गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी की जयंती

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिंदू जागरण मंच राजनंदगांव द्वारा महान संत



एवं आध्यात्मिक गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी की जयंती श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम केसर नगर स्थित कालीबाड़ी प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी के जीवन, उनके आध्यात्मिक विचारों एवं समाज सुधार के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी जी ने संपूर्ण मानवता को प्रेम, सहिष्णुता एवं सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनका जीवन सादगी, भक्ति और ईश्वर के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक था।हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी ने भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने समाज को आपसी भाईचारे, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा समाज में नैतिकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। अंत में सभी ने च्भारत माता की जयज्ज् के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर संगठन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया और सभी ने स्वामी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के सुशील लड्ढा सविता बोस प्रवीण शर्मा प्रभात गुप्ता जुगल गुप्ता राज बहादुर सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

nandgaon times feb-22-3.qxd 2/21/2026 9:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) कौन-सी फिल्म अंतरिक्ष में शूट की जाने वाली पहली फीचर फिल्म है?*

*2) आर्कटिक परिषद किस घोषणा के माध्यम से बनाई गई थी?*

*3) विलिंगडन आइलैंड, भारत के किस शहर में स्थित है?*

*4) अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस हर साल कब मनाया जाता है?*

*5) धनौरी वेटलैंड, जो खबरों में देखा गया था, किस राज्य में स्थित है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) द चैलेन्ज (2) ओटावा घोषणा (3) कोच्चि (4) 26 जनवरी (5) उत्तर प्रदेश

## होली पर शराब बिक्री का निर्णय जनविरोधी और समाज में अशांति फैलाने वालाः चुम्मन साहू

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने होली जैसे पावन पर्व पर शराब बिक्री की अनुमति देने के सरकार के निर्णय को जनभावनाओं पर सीधा हमला बताते हुए उसकी तीखी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह फैसला सरकार की असंवेदनशीलता और दोहरे चरित्र को उजागर करता है। चुम्मन साहू ने कहा कि त्योहारों के नाम पर राजस्व कमाने की लालच में सरकार समाज की शांति, महिलाओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से खुला खिलवाड़ कर रही है। होली जैसे उल्लास और भाईचारे के पर्व पर शराब की खुली बिक्री से झगड़े, मारपीट और आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी तय है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में आने से पहले पूर्ण शराबबंदी के दावे करने वाली भाजपा सरकार अब खुद शराब को बढ़ावा देकर प्रदेश को नशे की गिरफ्त में धकेल रही है। यह निर्णय सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक मर्यादाओं और गांधीवादी विचारधारा का घोर अपमान है। जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भाजपा सरकार ने होली सहित अन्य महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील पर्वों पर शराब दुकानों को बंद रखने का निर्णय तत्काल वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



## विभिन्न समस्याओं को लेकर अभिमन्यु मिश्रा और संदीप सोनी ने नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा और शहर उत्तर ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप सोनी ने सहयोगियों सहित नगर निगम आयुक्त के निगम में अनुपस्थित होने की स्थिति में कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की जर्जर स्थिति, अधूरे विकास कार्यों एवं स्वच्छता व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। ज्ञापन में अभिमन्यु उदय मिश्रा ने मुख्यतः नगर निगम ऑडिटोरियम की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाया गया। हाल ही में ऑडिटोरियम की छत से पी.ओ.पी. (प्लास्टर ऑफपेरिस) गिरने की घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा गया कि यह किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। शहर में सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए गांधी सभा गृह अपेक्षाकृत छोटा है, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोगों को असुविधा होती है। ऐसे में नगर निगम ऑडिटोरियम की तत्काल तकनीकी जांच कराकर उसकी मरम्मत, सुदृढ़ीकरण एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुधार कार्य शीघ्र कराए जाने की मांग की गई, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त ज्ञापन में शहर उत्तर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी द्वारा वार्ड क्रमांक 44, महेश नगर, आशीर्वाद कॉलोनी गली नंबर 2 में अधूरी नाली निर्माण कार्य को लेकर भी गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई।



# संस्कारधानी राजनंदगांव के शिवाजी पार्क में धूमधाम से मनाया गया शिवाजी जयंती

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वीरता, शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत सर्व समाज के लोगों ने शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी बहादुरी को नमन किया पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज के के तत्वधान में आयोजित कार्यक्रम में जिला कुर्मी समाज के अध्यक्ष श्री सुदेश देशमुख द्वारा स्वागत भाषण दिया गया सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शिवाजी महाराज के अदम्य साहस, कुशल प्रशासन और न्याय पूर्ण नेतृत्व पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के प्रथम नागरिक महापौर श्री मधुसूदन यादव जी थे उन्होंने कहा की शिवाजी का जीवन भारतीय इतिहास पर अमिट छाप छोड़ गया। वे एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे जिन्होंने मुगलों के खिलाफ संघर्ष कर हिन्दू स्वराज की नीव रखी ।अपने उद्बोधन में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने भविष्य मे शिवा जी पार्क को और भी सुन्दर खूबसुरत हरा भरा व सौन्दर्यीकरण सुरक्षित तथा संरक्षित करने का अश्वासन दिया। इस अवसर पर शिवाजी पार्क में 1000 दीप प्रज्वलित कर बड़े उत्साह और उमंग के साथ शिवाजी की जयंती मनाया गया कार्यक्रम को पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, श्री किशन खंडेलवाल, श्री संतोष पिल्ले, जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण



अध्यक्ष विपिन यादव जी ने सम्बोधित किया वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के साहस राष्ट्रभक्ति और सुशासन नीति पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा व्यक्तित्व श्री मानव देशमुख ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज के सचिव श्री भूपेंद्र चंद्राकर ने किया। जय शिवाजी, जय भवानी हर हर महादेव के जयकारे के साथ पूरा पार्क गूंज उठा । इस अवसर पर पार्क को रंगीन झालरों व रंगीन तोरण पताको से सजाया गया था पूरा वातावरण शिवाजी महाराज के जयघोष से गुंजायमान था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक युवा एबच्चेए महिलाएं उपस्थित हुए। जन्मोत्सव में मराठा मलई समाज अध्यक्ष श्री गणेश पवारए दिल्लीवार कूर्मि समाज के अध्यक्ष श्री चन्द्रिका प्रशाद देशमुखए कुर्मी समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष श्री योगेश्वर देशमुखए तिरेला कुर्मी समाज के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र भोरए श्री दिलीप चंद्राकर श्री एसण्केण्बंछोरए श्री राम नारायण चंद्रवंशीए श्री अमित चंद्रवंशीए श्री देवेंद्र किशोर देशमुख नगर निगम के अध्यक्ष श्री राजा मांखीजा एश्रीमती शारदा तिवारीए श्री बीरबल देशमुखए श्री दुष्यन्त बेलचंदनए कार्यक्रम सहयोगी श्री हेमन्त देशमुख ए श्री राकेश ठाकुर आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में छत्रपति शिवाजी महाराज व कालों के काल महाकाल की भव्य आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें आयोजन समिति के सदस्यो अतिथियों शहरवासियों के साथए राहगिरो ने भी महाप्रसादी प्राप्त किया जो बहुत समय तक चलता रहा कार्यक्रम का समापन जय घोष एवं देश भक्ति नारो के साथ हुआ।

# ग्राम भेजराटोला में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया 35 लाख रुपए का भूमिपूजन, लोकार्पण

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के ग्रामपंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम भेजराटोला में आंगनबाड़ी भवन, महिला भवन,सीसी सड़क निर्माण, अहाता निर्माण,कलामंच सहित सभी निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण के अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया व अध्यक्षता श्रीमती बीरम मंडावी सदस्य जिला पंचायत, मदन नेताम अध्यक्ष ओडारबांध महासभा, कलीराम चंद्रवंशी अध्यक्ष कंवर समाज परिक्षेत्र छुरिया,श्रीमती राधिका चंद्रवंशी, उभेराम मंडावी,भान बाई मंडावी,रोशनी कोर्राम सरपंच मौजूद रहे । उपस्थित सभी अतिथियों का ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि



आज ग्राम पंचायत गोपालपुर में विकास की गंगा बह रही है,आज हम सभी यहाँ अपने क्षेत्र में हो रहे विकास एवं निर्माण कार्यों पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि हमारा जनपद पंचायत क्षेत्र निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है, किसी भी समाज, गाँव या शहर का विकास उसकी सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, पानी, बिजली, भवनों और संचार सुविधाओं से जुड़ा होता है। जब ये सुविधाएँ मजबूत होती हैं, तब जीवन सरल, सुरक्षित और सुखद बनता है। आज हमारे क्षेत्र में नई सीसी सड़कें बन रही हैं,नालियों का निर्माण हो रहा है, स्कूलों और आंगनबाड़ियों का विस्तार किया जा रहा है,स्वास्थ्य केंद्रों को सशक्त बनाया जा रहा है,और पेयजल तथा बिजली की व्यवस्था को बेहतर करने प्रयास भी किया जा रहा है। ये सभी निर्माण और विकास कार्य हमारे उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। विकास केवल इमारतों और सड़कों से नहीं होता, बल्कि सोच और सहयोग से भी होता है। जब सरकार, प्रशासन, जनप्रतिनिधि और जनता मिलकर काम करते हैं, तब सच्चा विकास संभव होता है। लेकिन साथियों,विकास के साथ हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। कार्यक्रम को उपस्थित सभी अतिथियों ने भी किया संबोधित किया,निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिलाने के जनपद अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। इस अवसर पर शत्रुहन चंद्रवंशी,महावीर टेकाम,जीवन खाड़े,जितेंद्र कुमार ग्राम पटेल,भुवन लाल,हेमसिंह चंद्रवंशी,शंकर यादव,केजाऊ राम कोर्राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासीगण मौजूद रहे।

## मवेशी तस्करी पर कबीरधाम पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## 03 भैंस मुक्त, दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम पुलिस द्वारा मवेशी तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए बोलेरो पिकअप वाहन में अवैध रूप से मवेशी ले जा रहे आरोपियों को पकड़ा गया है। इस दौरान 03 नग भैंसों को तस्करों के कब्जे से मुक्त कराकर सुरक्षित रूप से गौशाला भेजा गया। जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले में सभी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में यह कार्यवाही की गई। दिनांक 20.02.2026 की रात्रि लगभग 12.30 बजे थाना बोड़ला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि तहसील कार्यालय बोड़ला की ओर से एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 28 एन 1768 में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर चोरी-छिपे ले जाया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जबकि अन्य आरोपी मौके पर उपस्थित मिले।



**आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम**

1. चन्द्रशेखर गोयल पिता ओमप्रकाश गोयल निवासी अमलडीहा थाना पण्डरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.) 2. लक्की उर्फसंदीप टंडन पिता सुखहरण निवासी डेरहाकांपा थाना लालपुर जिला मुंगेली (छ.ग.) बताया। फरार वाहन चालक का नाम दीपू बघेल पिता होरीलाल निवासी ग्राम परसाकापा थाना लालपुर जिला मुंगेली बताया गया।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी में वर्षभर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान कर उनके उत्साहवर्धन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रमन सिंह राजपूत, महामंत्री भाजपा ग्रामीण मंडल सोमनी (पूर्व) और वरिष्ठ पत्रकार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेपाल साहू, अध्यक्ष, वृताकार सेवा सहकारी समिति, सोमनी ने की। विशिष्ट अतिथियों में टीएल चंद्राकर (सेवानिवृत्त व्याख्याता) और उमेश कुमार साहू (वरिष्ठ भाजपा नेता) भी शामिल थे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के तेल चित्र पर पूजा-अर्चना से हुआए जिसे मुख्य अतिथियों और संस्था की प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी ने किया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत पुष्पहार और श्रीफल भेंट कर शाला परिवार द्वारा किया गया। प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी का सम्मान भी शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और विद्यार्थी अपने प्रयासों से विद्यालय, गांव और परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं। प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी ने भी विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर श्रीमती खूमेश्वरी शर्मा (प्रधान पाठक), नरेश दूरकर (संकुल समन्वयक) और व्याख्याता सुनील भागवत ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में शाला परिवार के सदस्यगण श्रीमती ईश्वरी कोर्राम, पूर्णिमा चौबे, श्रीमती टी. देवानंगन, सीमा सिंह, निर्मला राजपूत, जीतेश्वरी देशमुख, श्रीमती एम. श्रीवास्तव, किरण राणा, प्रभात साहू, श्रीमती ममता सिंह, बबीता गिरी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता जीडी गुरु सर द्वारा किया गया। समापन श्रीमती ईश्वरी कोर्राम द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।




# कल्लूबंजारी के छात्रों ने आदिवासी संग्रहालय एवं जंगल सफारी का किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** गत दिनों शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों के सहमति से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के 70 छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं बाल केबिनेट के नेतृत्व में राजधानी नवा रायपुर में स्थित आदिवासी संग्रहालय एवं जंगल सफारी का शैक्षणिक भ्रमण किया। बालकेबिनेट प्रभारी दिनेश कुमार कुरेटी के मार्गदर्शन एवं बालकेबिनेट प्रमुख उरांसी कंवर के नेतृत्व में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के 70 स्कूली छात्र- छात्राओं,शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सफाई कर्मचारियों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत आदिवासी संग्रहालय में जाकर छत्तीसगढ़ के प्रमुख आदिवासी समाजों के जीवन शैली पर आधारित बने आदिवासी संग्रहालय में प्राचीन काल में की जाने वाले खेती- किसानी के तरीके, आदिवासियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के खेती के औजार,आदिवासियों के पुरातन खान-पान,रहन-सहन, रीति-रिवाजों, हाट-बजारों, माता पहुंचानी के नेंग, संस्कृति, आदिवासी महिलाओं की आभूषण, टोण्डा-मण्डा-कुण्डा, ढेंकी, बाहना, मुस्सर, कोटना शिकार के लिए काम में आने वाले औजार, आदिवासियों के द्वारा बजाये जाने वाले वाद्ययंत्रों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। शहीद नारायण सिंह के स्मृति में बनाये गये आदिवासी संग्रहालय में जाकर खोनाखान के राजा के वीरगाथा पर आधारित युद्ध शैली का अवलोकन किया तथा अंग्रेजो के खिलाफ किये गये आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन को करीब से समझने का प्रयास किया।




## धर्म समाचार....

# तुला से मीन राशि तक के जीवन में क्या होगा बदलाव ? राशिफल और अचूक उपाय

आनंद सागर पाठक, एस्ट्रोपत्री। ज्योतिषीय दृष्टिकोण से बुध देव को बुद्धि, संवाद और व्यापार का मुख्य कारक माना जाता है। हमारी तार्किक क्षमता और सही निर्णय लेने की शक्ति बुध की स्थिति से ही तय होती है। 26 फरवरी 2026 को बुध देव कुंभ राशि में अपनी चाल बदलते हुए वक्री होने जा रहे हैं।चूंकि, कुंभ राशि दूरदर्शी सोच और सामाजिक दायरे का प्रतिनिधित्व करती है, इसलिए बुध की यह 'टेढ़ी चाल' हमारे भविष्य के लक्ष्यों और मित्रों के साथ आपसी तालमेल को प्रभावित कर सकती है। जब बुद्धि के अधिपति अपनी दिशा बदलते हैं, तो जीवन में अचानक मानसिक भ्रम, संचार में बाधा और महत्वपूर्ण कार्यों में विलंब की स्थितियां बनने लगती हैं।




**तुला राशि**

आपके पांचवें भाव में वक्री बुध रचनात्मक काम और पढ़ाई की योजनाओं को दोबारा चेक करने का मौका देंगे। पुराने दोस्तों से मुलाकात की संभावना बनेगी। पैसों के निवेश के मामलों में जोखिम से बचें। यह समय भविष्य की योजनाओं को निखारने के लिए ज्योतिषीय नजरिए से बहुत ही श्रेष्ठ माना जाएगा।

**वृश्चिक राशि**

बुध आपके चौथे भाव में वक्री हो रहे हैं, जिससे घर की चर्चाओं और संपत्ति के मामलों में फिर से सोचने की जरूरत होगी। करियर से जुड़े संचार में सावधान रहें। घर में तीखी बहस होने की आशंका है, इसलिए परिवार के मसलों को सुलझाने और वहां शांति बनाए रखने पर ही अपना पूरा ध्यान लगाएं।

**धनु राशि** आपके तीसरे भाव में बुध की वक्री चाल से मैसेज या यात्राओं में देरी हो सकती है। भाई-बहनों के साथ बातचीत में गलतफहमी की आशंका बनी रहेगी। यह समय अपने कौशल को सुधारने और पुराने संपर्कों से फिर से रिश्ता जोड़ने के लिए अच्छा है। बिना वजह की छोटी यात्राओं पर जाने से बचना ठीक रहेगा।

मकर राशि आपके दूसरे घर में बुध का वक्री होना बैंक बैलेंस और आपकी बोलचाल को प्रभावित कर सकता है। जमा पूंजी और बचत की सावधानी से समीक्षा करें। कड़वे शब्दों के इस्तेमाल से बचें, वरना परिवार में तनाव की आशंका है। पैसों के आने में देरी हो सकती है, जिसे धैर्य और सही बजट बनाकर ही सुलझाया जा सकता है।

**कुंभ राशि** - बुध आपकी ही राशि के पहले भाव में वक्री हो रहे हैं। यह आपके आत्मविश्वास और व्यक्तिगत लक्ष्यों को फिर से परखने का समय है। रिश्तों में बातचीत के दौरान अधिक सावधानी रखें। कोई भी नया काम शुरू करने के बजाय पुरानी रणनीतियों को पक्का करना आपके आने वाले भविष्य के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होगा।

मीन राशि बुध आपके बारहवें भाव में वक्री होकर मानसिक उलझन और अचानक खर्चे बढ़ा सकते हैं। ऑफिस में बातचीत साफ रखें और किसी भी तरह के गुप्त व्यवहार से बचें। पूजा-पाठ और पैसों के पुराने रिकॉर्ड्स की जांच करना आपको शांति देगा। ज्यादा सोचने से बचने के लिए अध्यात्म का सहारा लेना काफी फायदेमंद रहेगा।

## से बुध चलेंगे उल्टी चाल, अगले कुछ दिन भूलकर भी न करें ये 3 काम

ज्योतिष शास्त्र में बुधदेव को बुद्धि, वाणी, तर्क और व्यापार का मुख्य कारक माना जाता है। हमारी निर्णय लेने की शक्ति और सूचनाओं का सही संचालन पूरी तरह बुधदेव की कृपा पर ही निर्भर करता है। 26 फरवरी 2026 को बुधदेव कुंभ राशि में वक्री होने जा रहे हैं, जिसका अर्थ है कि वे अब उल्टी चाल चलेंगे। कुंभ राशि नवीन विचारों और सामाजिक नेटवर्क की राशि है, इसलिए बुधदेव की इस वक्री गति का प्रभाव हमारे भविष्य के लक्ष्यों और मित्रों के साथ संबंधों पर विशेष रूप से पड़ेगा। जब बुद्धि के अधिपति अपनी दिशा बदलते हैं, तो जीवन में अचानक भ्रम और कार्यों में देरी की आशंका बढ़ जाती है।




**बुध वक्री का प्रभाव**- वक्री बुधदेव की इस अवधि में उनकी ऊर्जा बाहर के बजाय भीतर की ओर मुड़ जाती है। यह समय नई शुरुआत करने के बजाय आत्म-चिंतन करने और पुरानी योजनाओं को फिर से व्यवस्थित करने के लिए अत्यंत शुभ है। यदि हम अपनी वाणी और कार्यों में सहजता बनाए रखते हैं, तो इस कठिन समय को भी एक अवसर में बदला जा सकता है। हालांकि, ग्रहों का यह बदलाव हर जातक के लिए अलग परिणाम लेकर आता है। जहां कुछ राशियों को अपनी पिछली गलतियों को सुधारने का मौका मिलेगा, वहीं कुछ राशियों को संचार और यात्रा के मामलों में बहुत अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता होगी ताकि किसी भी प्रकार की बड़ी हानि से बचा जा सके।

**भूलकर भी न करें ये बड़े काम**- वैदिक ज्योतिष के अनुसार, बुधदेव हमारी बुद्धि और सही निर्णय लेने की क्षमता के स्वामी हैं। जब वे वक्री होते हैं, तो अक्सर हमारी सोचने-समझने की शक्ति थोड़ी धुंधली पड़ जाती है और विवेक में भ्रम पैदा होने की आशंका बढ़ जाती है। इस दौरान किसी भी नए व्यापारिक सौदे, प्रॉपर्टी के कागजात या बड़े कानूनी समझौतों पर हस्ताक्षर करने में जल्दबाजी न दिखाएं। कागजों में रह गई एक छोटी सी तकनीकी गलती या किसी नियम को ठीक से न समझ पाना भविष्य में आपके लिए बड़ी कानूनी मुश्किल खड़ी कर सकता है। यदि किसी कारणवश हस्ताक्षर करना बहुत जरूरी हो, तो दस्तावेजों को बार-बार गौर से पढ़ें और किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें। बुधदेव ही हमारे व्यापार और धन को नियंत्रित करते हैं। उनकी उल्टी चाल के दौरान बाजार के आंकड़ों का आकलन करने या वित्तीय मामलों में गलतफहमी होने की आशंका रहती है। इसलिए, यह समय शेयर बाजार में बड़े रिस्क लेने, निवेश या किसी भी असुरक्षित जगह पैसा लगाने के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# आदिवासी महिला की संदिग्ध मौत...

## हत्या या स्वाभाविक मौत, इस्टाग्राम में हुई थी दोस्ती...

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** एक आदिवासी नाबालिक युवती के जीवन को सोशल मीडिया के इष्टाग्राम ने महज 2 साल के अंतराल में खत्म कर दिया।

बात कर रहे है,हम शहर में चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में घटी घटना के विषय में। 16 फरवरी की दरमियानी रात एक आदिवासी महिला जिसे पुलिस अभी भी नाबालिक मान रही है, 8 बाई 10 के कमरे में जहां 4 लोगों के साथ 2 बच्चे भी रात्रि में सो रहे थे, वहां अचानक क्या हुआ, कि रात के 3 बजे उक्त आदिवासी महिला का पूरा शरीर ठंडा पड़ गया, और वह मौत के आगोश चली गई। पूरा मामला पता लगाने हम घटना स्थल पहुंचे जहां हमें जानकारी मिली कि, उक्त घटना स्थल चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र के हिस्से में आता है, यहां मृतिका के पति का जीजा रहता है। जीजा में बताया, की मृतिका और उसके साले की दोस्ती सोशल मीडिया के इस्टाग्राम में 2 ढाई साल पहले हुई थी,तब लड़की की उम्र 15-16 वर्ष के आसपास थी, लड़की भागकर लड़के के पास आ गई, और दोनों 2 साल से एक साथ ही अलग-अलग जगहों पर रह रहे थे।महिला के मृत्यु वाली दरम्यानी रात के एक दिन पहले मृतिका (रोशन बदला हुआ नाम) के (पति का जीजा) घर अकेले आई थी, जिसे



### पुलिस की कार्यवाही पर सवाल..

उसके पति (रमेश यादव बदला हुआ नाम) ने ही भेजा था, उसके बाद उसका पति भी अपने जीजा के घर पहुंचा, और सभी ने रात्रि 9 -9.30बजे के आसपास एक साथ खाना खाया, और सभी छोटे से कमरे में जहां एक पलंग मात्र था, सोने चले गए, रात्रि में मृतिका के अलावा रमेश का जीजा, दीदी, उसके दो छोटे बच्चे और स्वयं रमेश मौजूद था, फिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि रात के 3 बजे रमेश की दीदी ने सभी को सोते से उठा दिया, दरअसल पलंग में मृतिका रमेश की दीदी और उनका एक बच्चा सोया था, रमेश की दीदी को अचानक मृतिका का शरीर ठंडा महसूस हुआ, तब उसने सभी को नींद से उठा दिया। आननफानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बताया। दूसरे दिन मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में मृतिका का पोस्टमार्टम किया गया, और शव को परिजनों को सौंप दिया गया। परिवार ने मृतिका की उम्र हॉस्पिटल में 18 वर्ष लिखवाई है, जबकि पुलिस की माने तो मृतिका की मार्कशीट के अनुसार उसकी उम्र 17 साल ही है। पुलिस पूरे मामले में जहां चिखली पुलिस चौकी ने मृग कायम कर चुकी है, वहीं मृतिका के नाबालिक होने के चलते मामले को डोंगरगढ़ थाने में जांच के लिए डायरी भेज चुकी है, क्योंकि मृतिका का पति डोंगरगढ़ निवासी है, मामले में मृतिका के पति को हिरास्त में लिया गया है। पुलिस अभी भी मामले को सुलझा नहीं पाई है।और ना मृत्यु के कारण को ढूंढ पाई है। पोस्टमार्टम की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट को माने तो महिला की मौत सर में गम्भीर चोट मौत का कारण हो सकता है।

**सवाल यह है, की सर में चोट कैसे आई ?**

चुकी मामला गरीब परिवार से जुड़ा हुआ है, इसलिए खबर में बारीकी से जांच जो पाना संभव नहीं लगता है, लेकिन मौत तो संदिग्ध परिस्थितियों में ही हुई है। पूरा मामला सोशल मीडिया की देन है, आज के बच्चे और युवापीढ़ी ने मानो सोशल मिडिया (फेसबुक,इस्टाग्राम,वाट्सअप)को अपने जीने का हिस्सा बना लिया हो। आये दिन इस प्रकार की घटनाएं देखने और सुनने मिलती है। माँ बाप अपने बच्चों को इससे रखे।

# नवरंग ग्रुप द्वारा दीपक जोशी का सम्मान

## बर्फानी सेवाश्रम समिति की भी रही सहभागिता



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नवरंग ग्रुप राजनांदगांव एवं बफानी सेवाश्रम समिति के संयुक्त तत्वावधान में सदस्यों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद स्पर्धा संपन्न हुई। जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न स्पर्धा के पुरुस्कार भी बांटे गए। इस अवसर पर नगर पालिक निगम, भिलाई के सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री श्री दीपक जोशी का सम्मान भी किया गया। मानव सेवा एवं जनकल्याण के लिए संचालित होने वाली बर्फानी सेवाश्रम समिति एवं नवरंग महिला ग्रुप द्वारा कार्यक्रम के तहत समिति के सदस्यों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रारंभ में नवरंग ग्रुप के सदस्यों द्वारा तिलक व अक्षत लगाकर सभी का सम्मान कर स्वागत गीत से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात नगर पालिक निगम भिलाई से सेवानिवृत्त हुए अधीक्षण यंत्री एवं बर्फानी सेवाश्रम समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री दीपक जोशी का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। तत्पश्चात नवरंग ग्रुप व बर्फानी सेवाश्रम समिति के सदस्यों के लिए विभिन्न खेल कौशल का आयोजन किया गया। नवरंग ग्रुप के सदस्यों के लिए पैरामिट बनाने, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही सुरीलि कुर्सी दौड़ की स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें पिरामिड बनाने की स्पर्धा में हिस्सा लेते हुए सदस्यों ने इस खेल का क्रम प्रारंभ किया। जिसमें श्रीमती आरती नागेन्द्र तिवारी, श्रीमती अर्चना संजय खड़ेलवाल, संस्कृति शर्मा ,निष्ठा जोशी को पुरुस्कृत किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गीत गायन स्पर्धा में श्रीमती श्वेता जोशी, श्रीमती स्वाति परमार, श्रीमती नविदेता बैद श्रीमती अन्नू अग्रवाल, पुरुस्कृत हुई। वहीं सुरीली कुर्सी स्पर्धा में श्रीमती सुनीता जोशी, श्रीमती ममता जोशी, श्रीमती आरती शर्मा ने पुरुस्कार प्राप्त किया। समारोह में प्रसिद्ध लोक गीत गायक , फिल्म निर्माता राजेश मारू ने लोकगीत व पुराने फिल्मी गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी । इस अवसर पर बर्फानी सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्माज्ग्नाृज, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी,बलविंदर सिंह भाटिया, नागेन्द्र तिवारी,मनीष परमार, दामोदर अग्रवाल , सूरज जोशी ,संजय खंडेलवाल के अलावा नवरंग ग्रुप की श्रीमती निवेदिता बैद, श्रीमती सुनीता जोशी,श्रीमती अन्नू अग्रवाल, श्रीमती आरती शर्मा, श्रीमती ममता जोशी, श्रीमती आरती जोशी,श्रीमती अर्चना खंडेलवाल, श्रीमती स्वाति परमार, श्रीमती श्वेता जोशी ,कुमारी संस्कृति शर्मा , कुमारी निष्ठा जोशी ने आयोजित विभिन्न आयोजनों में सहयोग प्रदान किया।

# रस्सा खींच और बैडमिंटन में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने दिखाया उत्साह

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव में 19 और 20 फरवरी



को प्राचार्य डॉक्टर ए. के. धमगाय के निर्देशानुसार दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रस्सा खींच, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक ,स्लो साइकिल रेस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस , पिट्ठूल के साथ-साथ मेहंदी ,रंगोली ,पुष्प सज्जा ,पूजा थाली सजावट जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा 100 मीटर दौड़ के साथ किया गया। प्रथम दिवस में रास्सा खींच पिट्ठू , 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी विभागों से छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस साइकिल रेस बैडमिंटन, टेबल टेनिस शटल रेस, गोला फेक, मेहंदी, पुष्प सज्जा, पूजा थाली, सजावट रखा गया । अंत में सभी विजित प्रतिभागियों के लिए पदक वितरण एवम् सम्मान समारोह रखा गया जिसमें प्रथम एवम् द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो, मेडल एवम् प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ए. के. धमगाए एवम् सहायक प्राध्यापक डॉक्टर सी के साहू , डॉक्टर आशाराम साहू, रेणुका ठाकुर , गणेश नेताम , मन्नू लाल नायक , प्रियांकी गजभिए, चंचल कुजूर , शिवनाथ देवांगन , गौतम नेताम एवम् समस्त अधिकारी एवम् कर्मचारी उपस्थित रहें। प्रतियोगिता का संचालन अतिथि क्रीड़ा अधिकारी रोशन लाल पटेल ने किया।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रॉंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
ओ.पी.डी. सेवाएं
अग्रीम पंजीयन नंबर - 7772032888

# दो माह से निराश्रितों को नहीं मिली पेंशन, हितग्राही च्वाइस सेंटर और नगर निगम के काट रहे चक्कर - पूर्व पार्षद राजेश कुमार चंपू

**कहा कि होली पूर्व भुगतान नहीं करने पर निगम प्रशासन का पेंशनधारियों के साथ घेराव करने होना पड़ेगा बाध्य**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर में निराश्रित एवं पेंशनधारियों को पिछले दो माह से पेंशन राशि प्राप्त नहीं होने से गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेंशन के लिए हितग्राही लगातार च्वाइस सेंटर एवं नगर निगम कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन अब तक भुगतान नहीं हो सका है। पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश कुमार चंपू ने इस मुद्दे को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि वृद्ध, विधवा एवं निराश्रित पेंशनधारियों के लिए यह राशि जीवन-यापन का मुख्य साधन है। समय पर भुगतान नहीं होने से उन्हें दैनिक जरूरतों की पूर्ति में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी जी, राज्य में विष्णु देव साय जी और नगर निगम में महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में तथाकथित च्ट्रिपल इंजनज्ज् की सरकार होने के बावजूद पेंशनधारियों को समय पर राशि नहीं मिल पा रही है, जो कि शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। राजेश कुमार चंपू ने राज्य सरकार से मांग की है कि सभी पेंशनधारियों को हर माह निर्धारित समय-सीमा में पेंशन राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित दो माह की राशि तत्काल जारी की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही पेंशन का भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेसजन पेंशनधारियों के हित में आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# राजनांदगांव की बेटियों ने फुटबाल के मैदान में गाड़ा सफलता का झंडा; समाज ने किया भव्य सम्मान

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आज राजनांदगांव के संजय नगर लखोली स्थित न्यू पंचशील कल्याण समिति के तत्वावधान में खेल और प्रतिभा के सम्मान का एक गौरवशाली क्षण देखा गया। क्षेत्र की उन होनहार बेटियों का भव्य अभिनंदन किया गया, जिन्होंने फुटबॉल के खेल में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। इस गरिमामयी समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठ जनों और गणमान्य सदस्यों ने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देते हुए उनके मनोबल को बढ़ाया। विशेष रूप से घोषणा की गई कि इन खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए यदि किसी भी प्रकार के संसाधनों या सहायता की आवश्यकता होगी, तो समाज उन्हें भरपूर सहयोग



प्रदान करेगा।

**सम्मानित होने वाली खिलाड़ी बेटियां:**

निहारिका बोरकर (नेशनल प्लेयर - मणिपुर, इम्फाल) * यास्मिन (नेशनल प्लेयर) * दीपाली साहू (नेशनल प्लेयर) * गरिमा श्रीवास (नेशनल प्लेयर) * निलिमा भीमटे (नेशनल प्लेयर) * प्राची मेश्राम (स्टेट प्लेयर) * सुमन यादव (स्टेट प्लेयर)

**उपस्थिति और मार्गदर्शन:** समारोह में मुख्य रूप से बौद्ध कल्याण समिति के नवनिर्वाचित संवैधानिक अध्यक्ष श्री राजकुमार बारमाटे जी, सचिव श्री प्रोफेसर के. एल. ताड़ेकर जी, श्री डी. पी. नोनारे जी, श्री एस. के. भालाधारे जी, श्री महेंद्र उके जी, श्री अमर सिंह वासनिक जी, श्री सेवक मेश्राम जी और श्री राजकुमार नागदेवे जी , पीयूष उके जी, निलेश ठावरे जी,ने उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन की कमान न्यू पंचशील कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री संतोष दुखुराम बोरकर जी ने संभाली। उनके साथ पूर्व अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता श्री संतोष बौद्ध जी, पूर्व अध्यक्ष श्री यशवंत रावत जी, श्री रविंद्र रामटेके जी, श्री राजकुमार वाल्दे जी और श्री जय कुमार टेभेकर जी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

**महिला मंडल की सहभागिता:** बेटियों की इस उपलब्धि पर माता रमाई महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संतकाला भौतिक जी, श्रीमती उर्मिला वासनिक जी, श्रीमती कुंती बोरकर जी, श्रीमती वर्षा मेश्राम जी और श्रीमती पूर्णिमा भीमते जी ने भी अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

**यह एक सराहनीय कार्य**

# घायल महिला को राकेश शर्मा ने अस्पताल में जाकर भर्ती कराया,

**तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)** । विगत दिनों लोढ़ा फर्नीचर के पास शिकारीटोला की महिला अपने घर से राजनांदगांव मोटर साइकिल से जा रही थी रोड मे मवेशी आ गया है बाइक सवार अचानक मवेशी आने के कारण नियंत्रण खो बैठा बाइक में 2 महिला सवार थी एक महिला उछल कर गिर गई जिसके सिर के पीछे हिस्से में गंभीर छोट लगा दूसरे महिला का पैर में चोट लग गया तुरन्त राकेश शर्मा ने cpri देकर व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय जैन को कॉल किया और जैन जी तुरंत अपने कार से मेडिकल हॉस्पिटल पेंड्रा ले जाकर भर्ती कराया, राकेश शर्मा ने पुलिस चौकी तुमडीबोड के प्रभारी को फोन से सूचना दिया राकेश शर्मा और अजय जैन को ग्रामीणों इस काम के लिए धन्यवाद दिए।



# भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने मनाया विष्णु देव साय का जन्मदिन

## संगीतमय रामायण पाठ का आयोजन किया गया, खीर पुरी का वितरण किया गया

**बालोद (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बालोद में, सुशासन का सूर्योदय लाने वाले महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध, सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी ,छत्तीसगढ़ विकास के लिए प्रतिबद्ध प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णु देव साय जी का जन्मदिन धूमधाम एवं श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय में संगीतमय रामायण पाठ का आयोजन किया गया तथा मुख्यमंत्री जी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें संगीतमय रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। तत्पश्चात आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद स्वरूप खीर-पूरी बांटी गई तथा कार्यालय के बाहर राहगीरों को भी खीर-पूरी का वितरण किया गया।

जिलाध्यक्ष श्री चेमन देशमुख ने कहा -ईश्वर से प्रार्थना है की आपके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़



विकास की नित नई ऊंचाइयों पर स्थापित होता रहे, मां दंतेश्वरी की कृपा सदा आप पर बनी रहे।

एवं सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय परिसर के बाहर उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री जी का जन्मदिन मनाया। जिले के सभी मंडलों एवं सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने,फल वितरण एवं विभिन्न कार्यक्रम कर माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का जन्म दिन मनाया इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे लघु वनोपज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री) श्री यज्ञदत्त शर्मा, जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, हरीश कटझरे, टिनेश्वर बघेल, सुरेंद्र देशमुख, जितेंद्र साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, प्रेम साहू, निशा योगी, कमलेश सोनी, प्रदीप साहू, मुकेश कौडो, कमल पनपालिया, लोकेश श्रीवास्तव, अरुण साहू, दयानंद साहू, दुर्जन साहू, दानेश्वर मिश्रा, राकेश बंटी बाफना, प्रीतम यादव, गोकुल ठाकुर, श्रीकांत वर्मा, रविंद्र टेमरिया, संजय शर्मा, हरिश्चंद्र साहू, सदानंद साहू, वीरेंद्र साहू, संतोष साहू, प्रीती देशमुख, दीप्ति साहू, सीता नेताम, भुवनेश्वरी चंद्राकर, क्षमता चंद्राकर, दिव्या बजाज, श्वेता राजपूत, राजेश्वरी डड़सेना, संजू कौमार्य, संतोष पाठक, टिक्कू यादव, रेवा, दिनेश सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com